तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025



गड्ढों में समा रहा बिलाईगढ़ का गौरव पथ





## खबर संक्षेप

### सूरज की रोशनी से आत्मनिर्भरता की राह पर बाबा

**रायगढ़।** रायगढ़ निवासी बाबा साहू की कहानी सिर्फ एक घर को रोशन करने की नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के जरिए आत्मनिर्भरता और हरित भविष्य की एक मिसाल है। अगस्त 2025 में बाबा साहू ने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित करके इसकी शुरुआत की। बाबा साहू ने बताया कि सरकारी बैंक से उन्हें लोन की सुविधा आसानी से मिल गई और छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने कुछ ही दिनों में प्लांट का संचालन शुरू कर दिया। इस सरल और पारदर्शी प्रक्रिया ने योजना पर उनका भरोसा और भी मजबूत किया। आज उनके सोलर प्लांट से प्रतिदिन 20-25 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा हैए जिससे उनके मासिक बिजली बिल में 80-90 तक की भारी कमी आई है। बाबा साहू ने बताया कि सोलर प्लांट रख.रखाव बहुत कम है। वे बताते हैं कि यह योजना सिर्फ बिजली बिल कम करने का साधन नहीं हैए बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का एक सशक्त माध्यम भी है। बाबा साहू शहरवासियों से कहते हैं कि हर परिवार को अपनी छत को ऊर्जा उत्पादन का साधन बनाना चाहिएए ताकि वे न सिर्फ खुद आत्मनिर्भर बनेंए बल्कि एक हरित और सशक्त भविष्य के निर्माण में भी योगदान दे सकें।

### जिले में 1206.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 12 सितम्बर तक 1206.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 10.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1394.5 मिली मीटर, पुसौर में 1273.6, खरसिया में 1099.6, घरघोड़ा में 1215, तमनार में 967.3, लैलूंगा में 1053.8, मुकडेगा में 1429.1, धरमजयगढ़ में 976.4, छाल में 1110.9 एवं कापू में 1541.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### प्रसार भारती ने लॉन्च किया ओटीटी ऐप. वेव्स

**रायगढ़।** भारत के लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती ने बदलते समय के साथ खुद को भी बहुत बदला है। के युग में प्रसार भारती की नई पहल है ये ऐप मोबाईल फोन और स्मार्ट ज्ट दोनों में ही चलाई जा सकती है। इसमें न केवल अन्य प्लेटफार्म्स की तरह स्ट्रीमिंग कन्टेन्ट होगा बल्कि हर प्रकार के मनोरंजन का उचित प्रबंध है। साथ ही दूरदर्शन के अति लोकप्रिय कन्टेन्ट जैसे रामायण, महाभारत, चाणक्य, भारत एक खोज इत्यादि खजाने भी मिलेंगे। इसके अलावा लाइव और इन्टरएक्टिव प्रोग्राम गेमिंग, म्यूजिक और कन्टेन्ट अपलोड के लिए भी सर्वोत्तम है। इसमें केवल 50 रुपए प्रति माह की न्यूनतम सब्सक्रिप्शन राशि से प्रीमियम कन्टेन्ट एक्सेस किया जा सकता हैए अन्यथा इसे आप फ्री मं भी देख सकते हैं। उक्त जानकारी प्रदत्त करने के साथ आकाशवाणी रायगढ़ के कार्यक्रम प्रमुख नीरज प्रभाकर ने आम लोगों से इस ऐप को अपने मोबाईल व स्मार्ट ज्ट में डाउनलोड करने के लिए अनुरोध किया है।

### आरएसपी ने लिया आदर्श पाठागार और भंज भवन पर कब्जा

**राउरकेला।** राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी ने शुक्रवार को बड़ा कदम उठाते हुए आदर्श पाठागार और भंज भवन पर कब्जा कर लिया। जानकारी के अनुसार, संबंधित संस्था पर आरएसपी का लगभग डेढ़ करोड़ रुपए बकाया था। कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भुगतान नहीं होने पर आरएसपी ने यह कठोर निर्णय लिया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने पाठागार का ताला तोड़कर भवन को अपने नियंत्रण में ले लिया। इस कदम से स्थानीय स्तर पर हलचल मच गई है। प्रबुद्धजन सवाल उठा रहे हैं कि शहर में कई होटलए व्यावसायिक संस्थान और दुकानें बरसों से बकाया भुगतान किए बिना कब्जा जमा, बैठे हैं।

## चार लोगों की निर्मम हत्या करने वाला पड़ोसी ही निकला मुख्य आरोपी

# पीछे की जमीन चाहता था हत्यारा, नहीं मिली तो पूरे परिवार को ख़त्म कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के खरसिया थाना क्षेत्र के टूसेकेला गांव में एक ही परिवार के चार सदस्यों की निर्मम हत्या ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है। पुलिस ने मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्य आरोपी लोकेश्वर पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। खास बात यह है कि आरोपी पीड़ित परिवार का ही पड़ोसी था।

लोकेश्वर पटेल ने हत्या की वजह बताया है कि वह मृतक की जमीन को खरीदना चाहता था। मृतक ने मना कर दिया तो उसने योजना बनाकर परिवार के चारों सदस्यों को जान से मार दिया। बता दें दो दिन पहले लोकेश्वर पटेल ने अपने गुस्से और रंजिश के चलते पूरा परिवार धारदार हथियार से मार डाला। घटना इतनी बेरहमी से हुई कि पूरे गांव में खौफ का माहौल बन गया। स्थानीय लोग बताते हैं कि मृतक बुधराम उरांवए उनकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों का समाज में सम्मान था और यह घटना इलाके में सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।



### नाबालिग बेटे के साथ खेली खून की होली

अहम बात ये भी है कि इस मामले में आरोपी लोकेश्वर पटेल के साथ उसका नाबालिग बेटा भी शामिल था। आरोपी ने अपने बेटे के साथ मिलकर इस पूरे वारदात को अंजाम देते हुए खून की होली खेली। पुलिस ने आरोपी लोकेश्वर पटेल के साथ उसके नाबालिग बेटे से भी पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस अभी तक यह स्पष्ट नहीं कर रही कि घटना में और कितने लोग शामिल थे। इस मामले में आईजी कल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी देंगे और आरोपी के अन्य संभावित सहयोगियों पर कार्रवाई की घोषणा कर सकते हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पुलिस से तेजी से और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि कार्रवाई में कोई कसर नहीं होगी।

### पूरे प्रदेश को हिलाकर रख देने वाला मामला

खरसिया का यह हत्याकांड अब पूरे प्रदेश की सुर्खियों में आ गया है। सोशल मीडिया पर भी लोग गुस्सा जता रहे हैं और पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। फिलहाल गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। दूसरी तरफ जिले के बड़े पुलिस अधिकारियो के साथ बिलासपुर रेंज के आईजी भी पहुंचकर जायजा ले चुके हैं।

### खाद के ढेर से मिली थीं लाशें, गांव अभी भी दहशत

गुरुवार सुबह गांव में अचानक दुर्गंध फैलने लगी। ग्रामीणों ने जब बुधराम उरांव के घर की खिड़की से झांका तो कमरे में खून के धब्बे दिखाई दिए। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर के पीछे बने खाद के ढेर को खोदा तो सबकी आंखें फटी की फटी रह गईं। उसमें एक साथ चार शव दबे मिले। मृतकों में बुधराम उरांव 35 उसकी पत्नी सहोदरा 30 बेटा अरविंद 10 और बेटी शिवांगी 6 शामिल हैं। इस मामले को लेकर घटना के दूसरे दिन भी गांव में मातम का माहौल रहा। हर कोई गमगीन है और परिवार की सबसे बड़ी बेटी शिवानी 16 की हालत सबसे खराब है।

### लोकेश्वर पटेल पहले भी कर चुका है हत्या

जानकारी के मुताबिक आरोपी लोकेश्वर पटेल पहले भी उत्तर प्रदेश में हत्या के एक मामले में सजा काट चुका है। घटना के पीछे जमीन और पुरानी रंजिश की कहानी सामने आई है। बताया जा रहा है कि लोकेश्वर पटेल पीड़ित बुधराम उरांव के घर के पीछे की जमीन पर कब्जा करना चाहता था। इसके अलावा मृतक की पत्नी ने आरोपी के बेटे के खिलाफ धान चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसी वजह से दोनों परिवारों के बीच तनाव और रंजिश चल रही थी।

### गांव में शोक और डर का माहौल

घटना के बाद टूसेकेला गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक और डर का माहौल है। लोग यह आश्वस्त नहीं हैं कि क्या ऐसे अपराधों की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी। मृतक परिवार के करीबी और पड़ोसी पुलिस से उम्मीद कर रहे हैं कि आरोपी के सभी साथियों और संभावित साजिशकर्ताओं की पहचान कर उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। यह खौफनाक मामला न केवल खरसिया जिले में बल्कि पूरे क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।




## संविदा कर्मियों ने भाजपाध्यक्ष कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा कर्मचारियों की लड़ाई लगातार तेज होती जा रही है। रायगढ़ जिले में शुक्रवार को आंदोलन के 26वें दिन करीब 800 कर्मचारी सड़क पर उतरे और जोरदार नारेबाजी करते हुए सरकार से सवाल किया कि आखिर गारंटी के वादों का ढोल कब बजेगा और संविदा की जंजीर कब टूटेगी।

कर्मचारियों का कहना है कि सरकार ने चुनाव के दौरान जो वादे किए थे उन्हें पूरा करने के वजाय लगातार टाला जा रहा है कर्मचारियों ने गुस्से में सवाल किया कि मोदी की गारंटी और घोषणा पत्र के वादे कब हकीकत बनेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा मिशन का संविलियन हो सकता है तो एनएचएम कर्मियों का क्यों नहीं। अन्य राज्यों के कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी ग्रेड पे और अनुकंपा नियुक्ति का लाभ मिल रहा हैए तो छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों से यह हक क्यों छीना जा रहा है। उनका कहना था कि सरकार के घोषणा पत्र की टैगलाइन है हमने बनाया हैए हम ही संवारेंगे। इसपर व्यंग्य करते हुए कर्मचारियों ने कहा, आपने बनाया है, तो संवारेंगे कब। आंदोलनकारियों का आरोप है कि सत्ता में आने के बाद सरकार ने केवल आश्वासनों और खोखले बयानों से उन्हें बहलाने की कोशिश की। लेकिन वास्तविक आदेश आज तक जारी नहीं किया गया।

### ज्ञापन सौंपते हुए दी चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान एनएचएम कर्मियों ने जिला भाजपा अध्यक्ष और कलेक्टर रायगढ़ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही सरकार के कथित तानाशाही रवैये और बर्खास्तगी की कार्रवाइयों का कड़ा विरोध भी जताया गया। कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और बड़े स्तर पर होगा। उनका कहना था कि यह आंदोलन केवल रायगढ़ का नहींए बल्कि पूरे राज्य के संविदा कर्मचारियों का सवाल है।

## फ्यूचर 40, उज्जवल भविष्य की ओर कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जहां ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक अवसर सीमित हैं, वहाँ एनटीपीसी लारा ने अपने 'फ्यूचर 40' कार्यक्रम के माध्यम से नई दिशा प्रदान की है। यह पहल केवल स्कूलों में निवेश नहीं कर रही है, बल्कि ग्रामीण छात्रों के सपनों और क्षमता में निवेश कर रही है। शुरुआत में एक स्वयंसेवक-नेतृत्व वाली पहल के रूप में आरंभ हुआ 'फ्यूचर 40', अब एक सशक्तिकरण आंदोलन में बदल चुका है। यह कार्यक्रम सरकारी स्कूलों के कक्षा 8 के छात्रों के लिए सीखने की कमियों को दूर करने और उन्हें जीवन कौशल विकसित करने में मदद करता है। विशेष बात यह है कि यह पूरी तरह से एनटीपीसी लारा के कर्मचारी स्वयंसेवकों द्वारा संचालित किया जाता है। विभिन्न विभागों के कर्मचारी कार्य समय के बाद निःशुल्क शिक्षा सहायता कक्षाएं संचालित करते हैं, जहाँ शिक्षा के साथ जिज्ञासा, आत्मविश्वास और जीवन कौशल पर भी ध्यान दिया जाता है। हाल ही में आयोजित वितरण समारोह में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें और स्टडी लैंप प्रदान किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ नेतृत्व और सामुदायिक हितधारक उपस्थित थे। 'फ्यूचर 40' का प्रभाव न केवल छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों में दिख रहा है, बल्कि वे भविष्य के नेता और उच्च शिक्षा तथा सिविल सेवाओं के लिए प्रेरित भी हो रहे हैं।




## रायगढ़ में 16 को कांग्रेस की वोट अधिकार यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कांग्रेस पार्टी की प्रदेश स्तरीय वोट अधिकार यात्रा 16 सितंबर को रायगढ़ में आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य नारा है वोट चोर गद्दी छोड़। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित कांग्रेस के कई बड़े नेता रायगढ़ आएंगे। यात्रा के दौरान भाजपा और चुनाव आयोग के वोट चोरी के खिलाफ प्रदेश स्तरीय हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया जाएगा। कांग्रेस के अनुसार रायगढ़ कांग्रेस भवन में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। जिला अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी, लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार, पूर्व विधायक प्रकाश नायक और शहर अध्यक्ष अनिल शुक्ला सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं। 16 सितंबर को दोपहर 3 बजे यात्रा सत्ती गुड़ी चौक से शुरू होकर घड़ी चौक, हंडी चौक, गद्दी चौक, सुभाष चौक, एसपी ऑफिस के सामने से गुजरते हुए स्टेशन चौक में समाप्त होगी। यात्रा के बाद कांग्रेस नेताओं की आम सभा भी होगी। जिला कांग्रेस रायगढ़ के ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी और अनिल शुक्ला ने सभी ब्लॉक, मंडल और सेक्टर अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से प्रदेश स्तरीय वोट अधिकार यात्रा में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।



## सर्व आदिवासी समाज ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विश्व आदिवासी अधिकार दिवस 13 सितम्बर के अवसर पर रायगढ़ जिले के सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टर कार्यालय मे एकत्रित होकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में जल जंगल जमीन, विस्थापन, मुआवज़ा, रोजगार और पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन जैसी अहम मांगें रखी गईं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि भारतीय संविधान की पांचवीं अनुसूची पेसा कानून 1996 और वनाधिकार कानून 2006 आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए हैं, लेकिन इनका पालन धरातल पर नहीं हो रहा है। ग्रामसभा को जो अधिकार दिए गए हैंए वे आज भी कागजों तक सीमित हैं। बिना ग्रामसभा की अनुमति उद्योगों और खनन परियोजनाओं को मंजूरी दी जा रही है, जिससे आदिवासी समाज का विश्वास टूट रहा है।



### खनन परियोजनाओं से बढ़ी समस्याएं

उन्होंने कहा कि हसदेव जंगल के साथ साथ अन्य जंगल संरक्षित कर पर्यावरण की रक्षा की जाए और रायगढ़ जिले के तमनार तहसील से पेड़ो की कटाई और कोयला खदान के खनन को रोका जाये। सर्व आदिवासी समाज ने बताया कि इन परियोजनाओं से प्रभावित ग्रामीणों को न तो सही मुआवज़ा मिल पाया है जंगल उजड़ रहे हैं, नदियां प्रदूषित हो रही हैं और किसानों की जमीन लगातार अधिग्रहित की जा रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि खनन प्रभावित गांवों को तुरंत उचित मुआवज़ा और पुनर्वास मिले।

## ग्राम स्तर पर ही आपसी विवाद सुलझाने की पहल

**रायगढ़।** ग्राम स्तर पर कई ऐसे विवाद और मामले होते हैं जिनका आपसी सुलह समझौते से निराकरण किया जा सकता है। लेकिन मध्यस्थता के अभाव में प्रायः व्यक्ति न्यायालय की शरण में जाता है ऐसे मामले जो गांव स्तर में आपस में बैठकर सुलझाए जा सकते हैं, उनके निराकरण के लिए जिला प्रशासन सामुदायिक मध्यस्थता की पहल कर रहा है। इससे संबंधित पक्षों के समय और पैसे की बचत होगी। साथ ही न्यायिक और पुलिसिंग संस्थाओं में कार्यभार संतुलित होगा। इस दिशा में जिला प्रशासन की पहल पर ग्राम स्तर में कार्यरत राजस्व, पंचायत अमले और जनप्रतिनिधियों को मध्यस्थता के लिए कानूनी प्रावधानों के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा। 13 सितंबर को रायगढ़ के नगर निगम ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें जिले से सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार, आरआईए पटवारी, कोटवार और पंचायत सचिवों के साथ सरपंचों को सामुदायिक मध्यस्थता का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 13 सितंबर को दो पालियों में 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक धरमजयगढ़, लैलूंगा और तमनार विकासखंड तथा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक रायगढ़, पुसौर, खरसिया और घरघोड़ा ब्लॉक के अमले और जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### निगम आयुक्त ने किया बाजार का निरीक्षण

**राउरकेला।** राउरकेला महानगर निगम आरएमसी आयुक्त दीना दस्तगीर ने कोयलनगर स्थित विभिन्न बाजारों का दौरा कर दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। आयुक्त ने आश्वासन दिया कि दुकानदारों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को विशेष रूप से सफाई व्यवस्था सुधारनेए जल निकासी और ड्रेनेज व्यवस्था सुव्यवस्थित करनेए पर्याप्त रोशनी लगाने, पार्किंग की सुविधा बढ़ाने और बाजारों का समग्र विकास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्मार्ट व्यवस्था से न केवल व्यापारियों बल्कि खरीदारों को भी बेहतर माहौल मिलेगा। यह पहल राउरकेला स्मार्ट सिटी के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### अपराध मुक्त समाज के लिए पुलिस का अभियान

**राउरकेला।** शहर की शांति और कानून.व्यवस्था को बनाए रखने के लिए राउरकेला पुलिस ने गुरुवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में असामाजिक हाजिरी परेड आयोजित की। पुलिस ने आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों को थाना परिसर में बुलाकर सख्त चेतावनी दी। अधिकारियों ने समझाया कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि उनके भविष्य को बर्बाद कर सकती है और समाज की शांति को भी प्रभावित करती है। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया कि कानून तोड़ने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी भी अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और शहर में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### भारतीय खाद्य निगम की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

# कलेक्टर के आदेश की अनदेखी, औरदा शाखा पर गहराया संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

भारतीय खाद्य निगम की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि निगम उसना चावल अपने स्वयं के गोदाम में रखने से बचती है। क्योंकि वहां भंडारण की सुविधा और संरक्षण की स्थिति बेहतर नहीं है। इसी वजह से निगम ने एल-5 का हवाला देते हुए ग्रीष्म ऋतु में उसना चावल का भारी टर्नओवर शाखा औरदा से किया। ताकि संभावित क्षति की पूरी जिम्मेदारी शाखा प्रबंधक पर आ जाए। सूत्रों के मुताबिक इसी सिलसिले में औरदा शाखा प्रबंधक के खिलाफ करीब 8 लाख रुपए की रिकवरी फाइल भी तैयार कर दी गई है।



जानकारी के अनुसार जैसे ही मौसम बदला निगम ने एल-2 में उसना चावल लेना शुरू कर दिया। लेकिन विगत दो माह से शाखा औरदा में उसना का टर्नओवर पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इसका मतलब साफ है कि जब भी नुकसान संभावित होता है उस समय केवल औरदा शाखा से ही टर्नओवर कराया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सब सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। रिकॉर्ड बताते हैं कि 5 अगस्त 2025 से अब तक शाखा औरदा से कोई भुगतान नहीं हुआ है, जबकि निगम अपने स्वयं के गोदाम और सीडब्ल्यूसी-2 से लगातार भुगतान कर रही है। औरदा शाखा में मार्च 2025 से पुराना उसना चावल रखा है, जबकि अन्य गोदामों से 7-10 दिन पुराना माल ही भुगतान के लिए जारी किया जा रहा है।

### कलेक्टर के आदेश की अवहेलना

गौरतलब है कि 7 मार्च 2025 को तत्कालीन कलेक्टर ने शाखा औरदा में उसना चावल का स्टॉक कम करने का आदेश दिया था। लेकिन निगम ने इसके विपरीत यहां स्टॉक बढ़ा दिया। इससे साफ जाहिर होता है कि भारतीय खाद्य निगम न केवल जिला प्रशासनिक अधिकारियों के सुझाव और आदेश की अनदेखी कर रही है, बल्कि अपनी मनमानी नीतियों से शाखाओं को नुकसान का जिम्मेदार ठहराने पर तुली है। इन सब परिस्थितियों के चलते आज निगम की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े हो गए हैं। स्थानीय स्तर पर रोज-रोज उठ रहे सवाल अब बड़े प्रशासनिक जांच की मांग कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### रेत की ढुलाई बदस्तूर जारी प्रशासन पर उठे सवाल




**राउरकेला।** मानसून के नाम पर बंद किए गए रेत घाटों से आपूर्ति लगातार जारी है। रात के समय धड़ल्ले से हो रही इस रेत की ढुलाई पर प्रशासन की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। कांट्रेक्टर एसोसिएशन पर आरोप है कि वे मनमाने दामों पर रेत सप्लाई कर रहे हैं, जिससे आम आदमी रेत से वंचित होता जा रहा है और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि ट्रकों को जब्त कर राजसात किया जाए तो ही इस पर रोक लगेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी टोलगेट का डेटा खंगाला जाए, जिससे करोड़ों रुपए की राजस्व चोरी का पर्दाफाश हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई घाटों में नाम मात्र की परमिशन दी गई हैए लेकिन महीनों बाद भी उनका कोटा खत्म नहीं हुआ। कई मामलों में फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी और अवैध तरीके से स्टॉक करने के प्रमाण मिले हैं। बताया गया कि सिंडिकेट से जुड़े कई लोगों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं और वे फरार चल रहे हैं। प्रतिदिन ट्रैक्टर और ट्रकों से अवैध रेत निकालकर विभिन्न स्थानों पर सप्लाई की जा रही है। स्टिंग ऑपरेशन में मिले चौंकाने वाले तथ्यों ने प्रशासन की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### विकास कार्यों से निखर रहा परिवेश



**जशपुरनगर।** युवा संगठन बघिमा के सदस्यों ने गाँव में स्वच्छता और विकास कार्यों की एक मिसाल पेश की है। संगठन के युवाओं ने एकजुट होकर गाँव की सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया। इसके तहत कचरा उठाने, नालियों की सफाई करने और लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य किया है। संगठन का उद्देश्य केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है , बल्कि गाँव के विकास कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। युवाओं ने पेड़-पौधे लगाए, खेल-कूद को बढ़ावा देने के लिए पहल की और बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। गाँव के लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से गाँव का माहौल बेहतर बनेगा और आने वाली पीढ़ी को भी सकारात्मक संदेश मिलेगा। संगठन के प्रमुख सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य गाँव में जागरूकता लाना, स्वच्छता बनाए रखना और विकास की नई राह दिखाना है। आगे भी ऐसे कार्यक्रम लगातार किए जाएंगे।

### प्रोत्साहन राशि देने 23 तक आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास ब्लॉक डी. भूतल इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हेतु प्रोत्साहन योजना (यथा संशोधित) वर्ष 2010 के अंतर्गत प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर राशि 01 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है। आदिम जाति कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पात्र अभ्यधियों से 23 सितम्बर 2025 तक आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लॉक डी. भूतल इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, में अंतिम तारिख तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र समय सीमा में रजिस्ट्रर्ड डाक से भी उल्लेखित पते पर भेजा जा सकता है।

विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

# आंगनबाड़ी केंद्रों व सफाई के प्रति रहें सजग : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- महिला एवं बाल विकास मंत्री ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग और समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों का वहीं डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा ने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि जशपुर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जिला है, इसे आदर्श जिले के रूप में विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्भवती और शिशुवती माताओं तथा बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाए। रेडी टू ईट और टीएचआर वितरण में किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ माता और बालक ही मजबूत देश की नींव हैं।



यवस्थाओं का निरीक्षण करतीं श्रीमती राजवाड़े।

### संरक्षण संबंधित व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने सरगुजा संभाग के दौरे पर शुक्रवार को जशपुर पहुंची। इस दौरान उन्होंने बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह बालक का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने विधि से संघर्षरत बालकों हेतु रहने, भोजन, बिस्तर, सीसीटीवी, पेयजल आदि की व्यवस्था की जांच की। जहां एक विधि से संघर्षरत बालक से मुलाकात कर उन्होंने उसे पढ़ाई एवं अच्छा आचरण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संस्था की पंजी की जांच की एवं काउंसिलिंग व्यवस्था का भी मुआयना किया। उन्होंने बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों से भी मुलाकात की। इसके पश्चात उन्होंने बालिका बाल गृह का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने निवासरत बच्चों से मुलाकात की और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। बच्चों ने अपनी दिनचर्या बताई। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने भोजन कक्ष का निरीक्षण कर भोजन की जांच की। उन्होंने रसोइयों से चर्चा कर खाने के समय और मीनू पर विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने नियमित सफाई करवाने के निर्देश दिए। बालिकाओं हेतु खुला आश्रय गृह पहुंच कर उन्होंने बच्चों के मनोरंजन एवं काउंसिलिंग व्यवस्था की जांच की। इसके उन्होंने वसुंधरा विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी का निरीक्षण किया। जहां छोटे छोटे बच्चों को देखकर उनके मन में वात्सलय उमड़ पड़ा ।

# नेपाल में भड़की हिंसा के बीच फंसे शहर के पांच युवा

**अम्बिकापुर।** नेपाल में चल रहे हिंसा और तत्खा पलट के बीच शहर के पांच युवा भी नेपाल में फंसे हुए है। तनावपूर्ण स्थिति, विरोध प्रदर्शन और आगजनी जैसी घटनाओं के बीच युवाओं के फंस जाने से परिजन की चिंता बढ़ गई है। अच्छी बात यह है कि समय रहते कैबिनेट मंत्री की पहल पर मुख्यमंत्री ने दिल्ली तक पहल की और फिलहाल सभी युवा सुरक्षित है। युवाओं को वापस भारत लाने का प्रयास जारी है और गुरुवार की दोपहर तक भारत की सीमा तक पहुंच गए थे।

बताया जा रहा है कि शहर के सदर रोड निवासी मोहित जिंदल अपने चार दोस्तों अनमोल अग्रवाल, अम्बर जैन, वेदप्रकाश पाण्डेय, शंभू सरदार के साथ 3 सितम्बर को कार से नेपाल गया हुआ था। पशुपतिनाथ के दर्शन और घूमने के लिए नेपाल गए युवक काठमांडू में थे इसी दौरान नेपाल में जेन जी प्रदर्शन के कारण अराजक स्थित उत्पन्न हुई। नेपाल में हिंसक झडप, आगजनी जैसी घटनाओं के कारण सरगुजा के पांचों युवा नेपाल में ही फंस गए थे। मोहित जिंदल के बड़े भाई शुभम अग्रवाल ने बताया कि युवाओं ने नेपाल की स्थिति खराब होने के बाद परिजन को इसकी जानकारी दी जिसके बाद परिजन ने कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल को वस्तु स्थिति से अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए मंत्री श्री अग्रवाल ने सीएम को घटना की जानकारी दी जिसके बाद सीएम के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने दिल्ली में दूतावास को मामले की जानकारी दी। मंत्री श्री अग्रवाल ने स्वयं युवाओं से बात कर उनका हाल चाल जाना वहीं दूतावास से भी युवाओं से संपर्क किया गया और उनके हालात का जायजा लिया।

### लबालब पीएचई प्रांगणः विभाग के नाम के अनुरूप तस्वीर




जशपुर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जशपुर भले ही क्षेत्र में जल आपूर्ति न कर पा रहा हो मगर यहां जिला कार्यालय के प्रांगण में इन दिनों भरपूर मात्रा में जल की पूर्ति दिखाई पड़ रही है। दरअसल कार्यालय के प्रांगण में गड्ढा होने के चलते यहां, बरसात के पानी तालाब की तरह जमा रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। चार पहिया वाहन से यहां पहुंचा जा सकता है। विभाग के अधिकारी समर सिंह ने निकासी बना कर जल्द ही व्यवस्था बहाल करने के बात कही है।

# नवरात्रि एवं दशहरा की तैयारी को लेकर शांति समिति की बैठक



**जशपुर ।** विधायक रायमुनी भगत, कलेक्टर रोहित व्यास और एसएसपी शशि मोहन सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दशहरा समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में दशहरा पर्व परंपरागत और उत्साह से मनाया जाएगा।

उन्होंने समिति की मांगों के अनुरूप संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसमें पार्किंग, बिजली व्यवस्था, आपातकालीन स्थिति हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीम व एम्बुलेंस, बेरिकेटिंग, फायर ब्रिगेड की सुविधा एवं शहर की स्वच्छता शामिल है। नगर निगम एवं जनपद सीईओ को विशेष साफ-सफाई करने और वन विभाग को पेड़ों की छंटाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, शहर में लगे अनाधिकृत बैनर-पोस्टरों को हटाने की कार्यवाही के निर्देश भी दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने दशहरा समिति को सुरक्षित आतिशबाजी, मंच व्यवस्था प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को कहा, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने परिवहन विभाग और सड़क सुरक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, अध्यक्ष दशहरा उत्सव समिति कृष्ण कुमार राय, सहायक कलेक्टर अनिकेत अंकित, एसडीएम विश्वास राव मस्के सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा चलाएगी सेवा पखवाड़ा अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता पार्टी जशपुर ग्रामीण मण्डल द्वारा आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने हेतु मण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन ईचकेला शिव मंदिर प्रांगण में मण्डल अध्यक्ष नेहरू सिंह की अध्यक्षता में किया गया। यह कार्यशाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा कार्यों की योजना और उनके सफल आयोजन के लिए समर्पित हैं। जशपुर ग्रामीण मण्डल के प्रभारी के रूप से राजकपूर भगत उपस्थित रहे।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में जिला मंत्री राजकपूर भगत ने उद्बोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के संकल्प पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,प्रधानमंत्री का सपना भारत को विश्वगुरु बनाने का है, और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस मिशन का सिपाही है।₹ श्री भगत ने छत्तीसगढ़ राज्य के गठन का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को देते हुए कहा कि यह राज्य लोकतांत्रिक सोच और जनआंदोलन का परिणाम है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आगामी वर्ष छत्तीसगढ़ की सिल्वर जुबली का वर्ष होगा। कार्यशाला का सफल संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव ओझा ने किया, जिन्होंने सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों और उनके महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। एवम् कार्यक्रम समापन व आभार प्रकट मंडल अध्यक्ष नेहरू सिंह ने किया ।कार्यशाला बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश राम, मंगल नाथ , जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगा राम भगत, सरपंच बिहानु राम, विजय सहाय, संजय गुप्ता, बीडीसी सवित्री सिंह , सुखनाथ प्रधान, पार्षद अनुज भगत समस्त मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि , कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की गई, जो निम्नलिखित हैं:

17 सितंबरः रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान (प्रत्येक बूथ पर), स्वास्थ्य शिविर, पीएम मोदी का लाइव संबोधन सामुदायिक केंद्रों पर।
18 सितंबरः प्रदर्शनी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित)।
19-21 सितंबरः रक्तदान शिविर (द्वितीय चरण), प्रबुद्धजन संवाद, डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, पुस्तक प्रदर्शनी।
21 सितंबरः नमो मैराथन (युवा मोर्चा द्वारा), थीम -आत्मनिर्भर भारत।
25 सितंबरः पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती, पुष्पांजलि, रोपण, संगोष्ठी, लोकल फॉर वोकल प्रदर्शनी।
-28 सितंबरः प्रदेश के विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, दिव्यांग उपकरण वितरण, प्रधानमंत्री जी को शुभकामना संदेश।
2 अक्टूबरः स्वच्छता अभियान, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि, खादी वस्त्र प्रोत्साहन, चित्रकला प्रतियोगिता, नमो वन/नमो पार्क गतिविधियाँ।

### जिले के सभी थाना परिसरों में भर्ती शिविर का आयोजन 26 तक

**जशपुरनगर।** जिले में 13 से 26 सितम्बर 2025 तक भर्ती की जायेगी। भर्ती हेतु 13 से 26 सितम्बर तक क्रमशः कांसाबेल थाना, फरसाबहार थाना, पत्थलगांव थाना, बागीचा थाना परिसर, तपकरा थाना परिसर, बागबहार थाना परिसर, तुमला थाना परिसर, कुनकुरी थाना परिसर,नारायणपुर थाना परिसर, दुलदुला थाना परिसर, आस्था थाना परिसर, सन्ना थाना परिसर, जशपुर थाना परिसर एवं एस. आई. एस. प्रशिक्षण केन्द्र में शिवर का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती शिविर में 400 सुरक्षा जवान, 100 कैश सर्विस का चयन एसआईएस के द्वारा किया जायेगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को एसआईएस के 24 ट्रेनिंग सेन्टरों में से एक प्रशिक्षण केन्द्र लाईबलीहुड कॉलेज, डोडकाचौरा जशपुर में एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिसमें पी. टी., डील, डील थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा भी आई.पी.सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कम्प्यूटर, बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादी का प्रशिक्षण प्रदान करके एसआईएस लि. में नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी।

# मेरा रेशम मेरा अभिमान : जिले में आयोजित किए गए कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय अभियान मेरा रेशम मेरा अभिमान के अंतर्गत विगत दिवस 11 सितम्बर 2025 को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसमें भेलवा में कोकून की कटाई एवं संभाल पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें सही समय पर कटाई, कोकून की छंटाई, माला बनाना तथा ग्रेडिंग जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 60 किसानों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं पर प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. निधि सुखिजा द्वारा श्री श्याम कुमार, ए.डी.एस., जशपुर के सहयोग से किया गया। इसमें सी. आर. यादव, वन परिक्षेत्र अधिकारी तथा जेवियर टोको, क्षेत्रीय अधिकारी (रेशम) ने भी सहभागिता की। भेलवा क्षेत्र 32 सेरीसाइट्स एवं 750 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है और कोकून उत्पादन का हॉटस्पॉट माना जाता है। इसी तरह बिहावल में सेरीकल्चर प्रौद्योगिकियों पर क्षेत्रीय प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. निधि सुखिजा द्वारा श्री श्याम कुमार, ए.डी.एस. जशपुर एवं श्री संत कुमार यादव, डिमॉन्स्ट्रेटर के सहयोग से आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 40 किसानों ने भाग लिया और आधुनिक तकनीकों को अपनाने तथा रीलिंग सीखने में विशेष रुचि दिखाई। पुगराबहार में भी एक तसर क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर डॉ. निधि सुखिजा एवं श्री श्याम कुमार, ए.डी.एस., जशपुर उपस्थित रहे। लगभग 15 पालनकर्ताओं ने सहभागिता की और तसर पालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।


## आवश्यकता

श्री एकलव्य शैक्षणिक सामाजिक उत्थान समिति, वार्ड क्र.08, बेहरापारा, लैलूंगा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा संचालित एकलव्य इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कुंजारा लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) के लिए शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के परिनियम-28 के तहत प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापक पद की आवश्यकता है।

| क्र. | पद | संख्या | योग्यता एवं वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | 1 | यूजीसी / विश्वविद्यालय / छ.ग. शासन के नियमानुसार |
| 2. | सहायक प्राध्यापक वनस्पति | 1 | यूजीसी / विश्वविद्यालय / छ.ग. शासन के नियमानुसार |
| 3. | सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी | 1 | यूजीसी / विश्वविद्यालय / छ.ग. शासन के नियमानुसार |

पात्र / इच्छुक अभ्यार्थी बायोडाटा के साथ अपने समस्त दस्तावेजों की दो प्रति विज्ञापन दिनांक से सात दिवस के भीतर निम्नलिखित पते पर स्वयं उपस्थित होकर या पोस्ट या ई-मेल के माध्यम से भेजें।

अध्यक्ष
श्री एकलव्य शैक्षणिक सामाजिक उत्थान समिति, वार्ड क्र.08, बेहरापारा, लैलूंगा, जिला रायगढ़ (छ.ग.), पिन-496113 मो.नं. 8358884441
ई-मेल- Shrieklavyaeducation@gmail.com


# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल जारी, स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था स्टाफ की भारी कमी से जूझ रही है। एनएचएम कर्मचारियों की नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू हुई हड़ताल शुक्रवार को 26वें दिन भी जारी रही। हड़ताल की अवधि बढ़ते ही जिले की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सुविधा नहीं मिल पा रही है।

केंद्र और राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सुचारू संचालन हेतु करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, किंतु एनएचएम कर्मचारियों की जायज मांगों पर सरकार के अडियल रवैये के कारण इन योजनाओं का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। प्रशिक्षित व कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों की अनुपस्थिति का सीधा असर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ रहा है।

### एसडीएम ने ली प्रधान पाठकों की बैठक



प्रधान पाठकों की बैठक लेते एसडीएम।

**जशपुरनगर।** शुक्रवार 12 सितंबर को कलेक्टर के निर्देशानुसार विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय दुलदुला के बी आर सी सी सभा कक्ष में अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) कुनकुरी द्वारा विकास खण्ड के समस्त उच्च प्राथमिक शालों के प्रधान पाठकों व संकुल शैक्षिक समन्वयकों का समीक्षा बैठक लिया गया। बैठक में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी व विकास खण्ड स्रोत समन्वयक ने यशस्वी जशपुर के शैक्षणिक गुणवत्ता से सम्बंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शालावार जानकारियां लिए। अनुविभागीय अधिकारी ने शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा बच्चों में नवाचार व सृजनात्मकता पर जोर देने की बात कही। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री हेमन्त कुमार नायक ने शालाओं में पॉस्को एक्ट, लैंगिक उत्पीड़न निवारण समिति का गठन, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सहित बच्चों के स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता , शिक्षकों की शालाओं में समय पर उपस्थिति,इंस्पायर अवार्ड में पंजीयन व विभिन्न विभागीय जानकारी की विस्तृत रूप से बताया एवं उस पर अक्षरतः पालन करने के निर्देश दिए।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आर.बी.सी. 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम खड़कोना निवासी स्व. राजेन्द्र चोराठ का आकाशीय बिजली से 13 अगस्त 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी प्रेमलता चोराठ हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।


**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2025-26 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 932953742


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सारंगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
राजस्व प्रकरण कमांक / /अ-2/2024-25
ग्राम गौरडीह, प.ह.नं.-26,
तहसील बरमकेला

-: ईश्तहार :-

एतद द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरिता अग्रवाल पति महेन्द्र कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी बरमकेला तहसील बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पेश किया गया है कि अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम गौरडीह, प.ह.नं. 26, रा.नि.मं. डोंगरीपाली तहसील बरमकेला में स्थित खसरा नं 1/1, 1/2, रकबा 1.386, 1.403 हे. कुल रकबा 2.789 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो दिनांक 24/09/2025 तक अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 09/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सारंगढ़

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सारंगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
राजस्व प्रकरण कमांक / /अ-2/2024-25
ग्राम......, प.ह.नं.-26,
तहसील बरमकेला

-: ईश्तहार :-

एतद द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ममता अग्रवाल पति मनोज अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी बरमकेला तहसील बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पेश किया गया है कि अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम परसकोल, प.ह.नं. 26, रा.नि.मं. डोंगरीपाली तहसील बरमकेला में स्थित खसरा नं 23/3, 22, 23/4 रकबा 2.025, 0.356, 0.858 हे. कुल रकबा 3.239 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो दिनांक 24/09/2025 तक अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 09/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सारंगढ़

## खबर संक्षेप

### नवनीत कौर टीवी क्विज शो में वर्ल्ड प्रीमियर में दिखेंगी



**खरसिया।** रायपुर निवासी खरसिया की नवनीत कौर सलूजा पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीवी क्विज शो आओ बनिए गुरसिख प्यारा में भाग लेंगी। शो का वर्ल्ड प्रीमियर सीज़न 37, एपिसोड 2 रविवार, 14 सितम्बर सुबह 10:30 बजे चरदीकला टाइम्स टीवी चैनल पर प्रसारित होगा। नवनीत कौर ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और ज्ञान अर्जित करने का अवसर है।

### अवैध महुआ शराब पर आबकारी की कार्रवाई

**रायगढ़।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन और प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में 10 सितंबर को रायगढ़ शहर में यह कार्रवाई की गई। सूत्रों से मिली सूचना पर आबकारी टीम ने बड़े रामपुर रोड पर नाकाबंदी कर छापामार कार्यवाही की। इस दौरान अंजलि उरांव, निवासी छोटे रेगड़ा थाना चक्रधरनगर, को अवैध रूप से हाथ भट्टी से बनी 08 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। शराब को प्लास्टिक झिल्ली में भरकर झोले में रखा गया था, जिसे आरोपी महिला बेचने की फिराक में थी। आरोपिया के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### डालमिया सीमेंट के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

**राजगांगपुर।** राजगांगपुर ब्लॉक के कुकुड़ा, अलंडा, केसरामाल और झगड़पुर गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे तहसील कार्यालय के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड ग्रामसभा अथवा ग्राम परिषद की अनुमति और भूमि मालिकों की सहमति के बिना अवैध रूप से खनन कार्य कर रही है। ग्रामीणों का कहना था कि कंपनी गुप्त तरीके से जमीन अधिग्रहण कर रही है और इसमें न तो पारदर्शिता है और न ही ग्रामीणों को जानकारी दी जाती है। उनका आरोप है कि अवैध खनन से खेतीबाड़ी और आजीविका पर गंभीर असर पड़ा है, साथ ही गांव का पर्यावरण और जलस्रोत भी संकट में हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से तत्काल जांच कर दोषी अधिकारियों और कंपनी प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

## निधन

### लक्ष्मी नारायण मसंद



**रायगढ़।** प्रतिष्ठित समाजसेवी और व्यापारी लक्ष्मी नारायण मसंद का शुक्रवार को निधन हो गया। वे प्रकाश, हरीश और कमल मसंद के पिता थे। अंतिम यात्रा दोपहर 1:30 बजे सिंधी कॉलोनी पक्की खोली से शुरू होकर पंजरी प्लांट मुक्तिधाम तक गई।

---

### नेताओं और अधिकारियों की अनदेखी का शिकार बना मुख्य सड़क

# गड्ढों में समा रहा बिलाईगढ़ का गौरव पथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



विधानसभा मुख्यालय और उप जिला नगर पंचायत बिलाईगढ़ का मुख्य मार्ग इन दिनों दुर्घटनाओं और लोगों की परेशानियों का प्रमुख कारण बन गया है। बड़े-बड़े गड्ढों से भरी सड़क से नगर आने-जाने वाले नागरिकों, छात्रों और व्यापारियों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

विडंबना यह है कि उक्त मार्ग से क्षेत्र के बड़े नेता, मंत्री और आला अधिकारी नियमित रूप से गुजरते हैं, फिर भी सड़क की बदहाली पर किसी का ध्यान नहीं जाता। नगर पंचायत बिलाईगढ़ में वित्तीय वर्ष 2021-22 में दिनेश शर्मा घर से कोर्ट रोड होते हुए नाला तक गौरव पथ निर्माण के लिए 199.68 लाख रुपये स्वीकृत हुए थे। निविदा जारी और कार्यादेश मिलने के बावजूद वर्षों बीत गए हैं, पर निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हो सका। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार चौधरी की उदासीनता के कारण निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है। इससे नागरिकों और व्यापारियों की रोज़ी-रोटी प्रभावित हुई है। लोग धूल और कीचड़ खाने को मजबूर हैं। कई बार नगर वासियों और व्यापारियों ने भूमि खाली करने का प्रस्ताव भी दिया, लेकिन तत्कालीन अध्यक्ष और सीएमओ ने इसे चुनावी मुद्दा बना कर टाल दिया।

#### सीएमओ के तानाशाही रवैये का असर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कई बार धमकी दी कि 40-40 फीट के बिना गौरव पथ नहीं बनेगा। इससे कुछ लोग उच्च न्यायालय, बिलासपुर की शरण में भी गए। गौरव पथ भाग 1 को 21-21 फीट में निर्माण कर लिया गया था। लोगों का कहना है कि भाग 2 को 27-27 फीट में बनाकर समस्याओं को सुलझाया जा सकता है।

#### प्रतिनिधियों और नागरिकों का धैर्य टूटा

नगर अध्यक्ष दामोदर दुबे, पार्षदगण, व्यापारियों और नागरिकों ने शासन-प्रशासन से अति शीघ्र गौरव पथ निर्माण की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि कार्य शुरू नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। अब देखना यह होगा कि नए अंडरविभागीय अधिकारी और आला अफसर इस दिशा में क्या कदम उठाते हैं, या नगर वासियों के लिए गड्ढा मुक्त गौरव पथ केवल एक दिवा स्वप्न ही रह जाएगा।

---

# रजत महोत्सव पर घरघोड़ा में गूंजा विकास का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में एकदिवसीय संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान का संबोधन। जिन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ विजन 2047 विषय पर अपने विचार रखे और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत की। दीवान ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने पिछले 25 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और सांस्कृतिक धरोहर के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आने वाले 22 वर्षों में इसे दोगुनी रफ्तार से आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा विजन है कि 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्यों की श्रेणी में अग्रणी बनाएं। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक, युवा शक्ति और सांस्कृतिक धरोहर हमारे पांच प्रमुख आधार स्तंभ होंगे। जिला अध्यक्ष ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नवाचार और कौशल विकास को अपनाएं और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी ही राष्ट्र निर्माण की धुरी है और यदि युवा संकल्प लें तो छत्तीसगढ़ निश्चित रूप से विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकता है। संगोष्ठी और कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

---

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल का पुसौर के अस्पताल पर भी असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर समेत क्षेत्र के प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 58 कर्मचारी पिछले 24 दिनों से हड़ताल पर हैं। हड़ताल पर गए कर्मचारियों में डॉक्टर, नर्स, डाटा ऑपरेटर से लेकर स्वयं बीपीएम शर्मा तक शामिल हैं। लंबे समय से जारी इस आंदोलन के बीच सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इससे आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं पर कितना असर पड़ रहा है।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.के. नायक ने बीते दिन पुसौर अस्पताल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जहां-जहां एनएचएम कर्मी कार्यरत थे, वहां फिलहाल उनके सहकर्मी स्वास्थ्यकर्मी कार्यभार संभाल रहे हैं। डॉ. नायक का कहना है कि कार्यों का विभाजन कर सेवाएं जारी रखी गई हैं, इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं में फिलहाल कोई बड़ी परेशानी सामने नहीं आई है। उन्होंने आगे कहा कि आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' चलाया जाएगा, जिसके तहत क्षेत्र की महिलाओं का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए विशेष टीमों का गठन किया जा रहा है ताकि अभियान पर हड़ताल का असर न पड़े। हालांकि स्थानीय लोग मानते हैं कि लंबे समय तक हड़ताल जारी रहने से ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। वहीं कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं पर प्रशासन क्या कदम उठाएगा, इस पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

---

# चंद्रपुर उप डाकघर में आधार सेवाएं ठप, जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर




शासन-प्रशासन जहां मंचों से हर सुविधा आमजन तक पहुंचाने का दावा करता है। वहीं जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। चंद्रपुर उपडाकघर में आधार अपडेट सेवाएं पिछले एक महीने से पूरी तरह ठप पड़ी हैं। इस कारण नगर ही नहीं बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचल से आने वाले सैकड़ों लोग दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

छात्रवृत्ति, बैंक खाता, पेंशन और राशन कार्ड जैसी बुनियादी योजनाओं के लिए आधार लिंक अनिवार्य है। लेकिन डाकघर में मशीनें खराब होने और वैकल्पिक व्यवस्था न होने के चलते आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग हर रोज उम्मीद लेकर आते हैं और मायूस लौट जाते हैं। नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर जैसे छोटे अपडेट हों या बायोमेट्रिक अपडेट। सभी सेवाएं बंद हैं। मशीनों की मरम्मत तक नहीं करवाई गई और विभागीय अधिकारी तकनीकी खराबी का बहाना बना रहे हैं। इससे नागरिकों की छोटी-छोटी जरूरतें अधूरी रह जा रही हैं। स्थानीय निवासी योगेश अग्रवाल ने कहा कि न तो पोस्ट ऑफिस से और न ही नगर पंचायत से आधार से जुड़ी सुविधाएं मिल रही हैं। हमें मजबूर होकर हरदी गांव जाना पड़ता है।

■ **विभागीय लापरवाही से योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा**

वहीं निर्मल सिंह नायक ने बताया कि मोबाइल नंबर लिंक और केवाईसी अपडेट न होने से बैंकिंग लेनदेन में काफी दिक्कत हो रही है। हालात और खराब तब हो गए जब नगर पंचायत स्तर पर भी लापरवाही सामने आई। कलेक्टर सक्ति द्वारा आदेश जारी किया गया था कि हरदी गांव का आधार केंद्र स्थानांतरित कर चंद्रपुर नगर पंचायत कार्यालय में स्थापित किया जाए। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी न तो प्रस्ताव पास हुआ और न ही सेंटर चालू हुआ। लोगों को आज भी 5 किलोमीटर दूर हरदी जाना पड़ रहा है। इससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है।

> कुछ तकनीकी समस्या है जिसका विवरण आधार एजेंसी को भेजा गया है। समाधान जल्द होगा।
> **विनय एस. प्रसाद**
> डिवीजन हेड बिलासपुर

> पोस्ट ऑफिस स्तर पर समस्या का समाधान संभव नहीं है। आधार एजेंसी को अवगत कराया गया है।
> **जितेंद्र कुमार क्षत्रिय**
> उपसंभागीय निरीक्षक, सक्ति

> कलेक्टर का आदेश है कि जल्द ही नगर पंचायत कार्यालय में अलग से आधार सेंटर स्थापित किया जाएगा। परिषद की मंजूरी की जरूरत नहीं है। जल्द ही नागरिकों को लाभ मिलेगा।
> **अनिल सोनवानी**
> सीएमओ चंद्रपुर।

---

**युक्तियुक्तकरण का बड़ा असर, शिक्षक मिलने से लौटी पढ़ाई की रौनक**

# युक्तियुक्तकरण के बाद सपनई के स्कूल को मिले 7 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले की ओडिशा सीमा पर बसे अंतिम छोर के गांव सपनई के बच्चों के लिए शिक्षा का नया अध्याय शुरू हुआ है। लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे इस क्षेत्र के प्राथमिक, मिडिल और हाई स्कूलों में अब 7 नए शिक्षकों की पदस्थापना हुई है। पहले जहां तीनों स्कूलों में मिलाकर केवल 5 शिक्षक थे, वहीं अब संख्या बढ़कर 12 हो गई है। इस बदलाव ने स्कूलों और छात्रों के माहौल में उत्साह भर दिया है।

हाई स्कूल में पहले सिर्फ दो शिक्षक थे, जिससे विज्ञान, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों को पढ़ाना मुश्किल हो रहा था। अब यहां तीन नए विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति हुई है, जिससे बच्चों को पढ़ाई में नई दिशा मिल रही है। मिडिल स्कूल में पहले केवल एक शिक्षक था, लेकिन अब तीन नए टीचर जुड़ने से यह संख्या चार हो गई है। इसी तरह प्राथमिक स्कूल में भी एक नए शिक्षक की पदस्थापना से संख्या तीन तक पहुंच गई है। कक्षा 10वीं की छात्रा नंदिनी चौहान ने कहा कि पहले विज्ञान पढ़ने में बहुत दिक्कत होती थी, कॉन्सेप्ट समझ में नहीं आते थे। लेकिन अब विज्ञान के शिक्षक आने से पढ़ाई आसान और रोचक हो गई है। वहीं छात्रा सिमरन चौहान का कहना है कि अंग्रेजी के शिक्षक की वजह से अब ग्रामर और भाषा दोनों में रुचि बढ़ी है।

#### सात गांवों के बच्चों को होगा लाभ

गांव के सरपंच मदन चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार की इस पहल से न सिर्फ सपनई बल्कि देवबहाल, झारगुड़ा, अड़बहाल, निरंजनपुर, बलभद्रपुर और सराईपाली जैसे सात गांवों के बच्चों को लाभ मिलेगा। पहले सिर्फ पांच शिक्षकों के भरोसे स्कूल चलाना बेहद कठिन था। अब 12 शिक्षकों के साथ शिक्षा का स्तर सुधरेगा और बच्चों का भविष्य मजबूत होगा।

#### छात्रों की बढ़ी उपस्थिति

शिक्षकों की संख्या बढ़ने से अब स्कूल में नियमित कक्षाएं हो रही हैं, जिससे बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ी है। स्थानीय लोग मानते हैं कि यह कदम सीमा क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

---

### कबाड़ दुकान से 70 नग चोरी का लोहा बरामद



**सरसींवा।** थाना सरसींवा पुलिस ने खेत से चोरी हुए 70 नग लोहे के एंगल की चोरी का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी तेजराम जायसवाल निवासी हसौद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम बछौरडीह स्थित उसके खेत से 70 नग लोहे के एंगल चोरी हो गए हैं। जांच में पुलिस ने ग्राम जोरापाली के कबाड़ी हेतराम बंजारे की दुकान से 40 नग एंगल बरामद किए। पूछताछ में सामने आया कि दीपक रात्रे और उपलाल यादव, दोनों निवासी साल्हेओना ने ये एंगल बेचे थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों से कुल 70 नग लोहे के एंगल, नगद रकम और घटना में प्रयुक्त साइकिल व आरी ब्लेड सहित ₹32,500 का माल जब्त किया। इसके बाद तीनों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के बड़े कबाड़ी दुकानों की जांच से कई और चोरी के मामलों का पर्दाफाश हो सकता है।

---

# पुसौर अस्पताल में स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनना टेढ़ी खीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर




क्षेत्र में बेरोजगार युवाओं को नौकरी में प्रवेश के लिए आवश्यक स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनवाने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। जहां निजी अस्पतालों में यह प्रमाण पत्र 500 से 1000 रुपये तक की तयशुदा फीस देकर आसानी से मिल रहा है, वहीं सरकारी अस्पतालों की हालत ऐसी है कि यहां आने वाले युवाओं को बार-बार चक्कर काटना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पुसौर और आसपास के इलाके में बड़ी संख्या में कारखाने और सरकारी संस्थान हैं, जहां नौकरी के लिए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अनिवार्य है। आर्थिक रूप से कमजोर और बेरोजगार युवा निजी अस्पताल की मोटी फीस से बचने के लिए सरकारी अस्पतालों का रुख करते हैं। लेकिन यहां हालात बिल्कुल विपरीत हैं। बीते दिनों कुछ युवा सरकारी अस्पताल पुसौर पहुंचे थे, जहां उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि जांच के उपकरण फिलहाल खराब हैं। उपकरण दुरुस्त होने के बाद ही स्वास्थ्य परीक्षण संभव होगा। प्रमाण पत्र न मिलने से युवाओं को रोजगार का अवसर हाथ से निकलने का डर सता रहा है। युवाओं ने कहा कि जब एक सामान्य व्यक्ति को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए इतनी परेशानी उठानी पड़ रही है, तो गंभीर मरीजों का क्या हाल होगा? यह सवाल प्रशासन की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेरोजगार युवाओं और मरीजों के हित में स्वास्थ्य विभाग को तत्काल इस समस्या का समाधान करना चाहिए। नहीं तो यह स्थिति न केवल युवाओं की आजीविका पर असर डालेगी बल्कि आमजन को भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित करेगी।

---

### दर्शन करने उमड़ी हजारों की भीड़, लोगों ने माना दिव्य चमत्कार

# सिद्ध मूर्तियों ने अपने आप बदल लिया स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

नगर पंचायत बिलाईगढ़ में इन दिनों एक अलौकिक घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय पत्रकार शैलेंद्र कुमार देवांगन के घर के पूजा कक्ष में स्थापित मां महाकाली, मां महालक्ष्मी और मां सरस्वती की सिद्ध मूर्तियां अपने आप स्थान बदलकर दूसरे स्थान पर विराजमान हो गईं। इस अनोखी घटना की खबर जैसे ही फैली, नगर एवं आसपास के गांवों से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में लोग दर्शन करने पहुंचे और इसे ईश्वरीय चमत्कार मानकर मातृशक्ति का आशीर्वाद लिया।



पत्रकार शैलेंद्र देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने सोमवार को महा औघड़ रौद्र बाबा आश्रम, बोरसी (जिला दुर्ग) से ये सिद्ध मूर्तियां लाकर अपने घर के पूजा कक्ष में स्थापित की थीं। लेकिन बुधवार की सुबह जब उन्होंने पूजा कक्ष में प्रवेश किया तो यह देखकर स्तब्ध रह गए कि तीनों मूर्तियां मंदिर से गायब होकर बगल की जगह पर जमीन पर स्वतः विराजमान हो गई हैं। इतना ही नहीं, मूर्तियों के सामने बकायदा फूल और पान भी चढ़ा हुआ था। इसे देखकर पूरा परिवार और मोहल्लेवासी दंग रह गए। धीरे-धीरे खबर पूरे नगर और आसपास के गांवों में फैल गई और लोगों की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी।

#### उमड़ी भीड़, लगातार जारी है दर्शन

बिलाईगढ़ ही नहीं बल्कि सरसीवा, आसपास के ग्रामीण अंचलों और दूर-दराज़ से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु इस घटना को अलौकिक और दिव्य चमत्कार बताते हुए मूर्तियों के दर्शन कर माता के चरणों में नतमस्तक हो रहे हैं। दूसरे दिन भी दर्शनार्थियों का तांता लगातार लगा रहा। नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों, महिलाओं और युवाओं ने इसे असाधारण घटना मानते हुए इसे रौद्र बाबा के दरबार की सिद्ध शक्ति बताया।




